**प्रेमचंद पटेल**
विधायक
कटघोरा विधानसभा, क्षेत्र क्र. 22
जिला- कोरबा (छ.ग.)

निवास/ कार्यालय
ग्राम : उतरदा, पो.- उतरदा
थाना व तह.: हरदीबाजार
जिला : कोरबा(छ.ग.) 495446
मोबाईल : 62638-62450
Email.-premchandpatelbjp@gmail.com

क्रमांक /MLA/321/KTG/2025-26 दिनांक 22/08/2026

प्रति,

माननीय श्री जी.किशन रेड्डी जी
केन्द्रीय मंत्री (भारत सरकार)
कोयला एवं खनन मंत्रालय
Room No. 4101-Zone-1, GPOA-3, नेताजी नगर
नई दिल्ली 110001

विषय :- एस.ई.सी.एल. गेवरा/दीपका/कुसमुण्डा/कोरबा (छ.ग.) परियोजना के भू-विस्थापित परिवारों एवं ग्रामीणों के निम्नांकित समस्याओं/मांगों के संबंध में चर्चा हेतु समय प्रदान करने हेतु अनुरोध पत्र।

---00---

महोदय,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि जिला-कोरबा (छ.ग.) के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 22 कटघोरा के अन्तर्गत **एस.ई.सी.एल. गेवरा/दीपका/कुसमुण्डा/कोरबा (छ.ग.) परियोजना** के प्रभावित भू-विस्थापितों एवं ग्रामीणों के द्वारा निम्नांकित समस्या/मांग की जा रही है।

1. एस.ई.सी.एल. दीपका परियोजना के अन्तर्गत अर्जित ग्राम हरदीबाजार के वर्ष 2004 एवं 2010 के बाद पंजीकृत बैनामा द्वारा खरीदी गई भूमिस्वामी को मुआवजा एवं सोलेशियम का लाभ दिया जावे।
2. एस.ई.सी.एल. से प्रभावित भू-विस्थापितों को तत्काल नौकरी प्रदाय करने की प्रकिया स्थानीय स्तर पर कराया जावे।
3. वर्ष 2004 एवं 2010 के अधिग्रहण पश्चात् नवीन मकान/परिसम्पत्तियों के मुआवजा वितरण में 60% कटौती की प्रकिया न अपनाकर 100% सोलेशियम के साथ मुआवजा राशि प्रदान किया जावे।
4. ग्राम हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ) के एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र में प्रभावित शेष रकबा 212 एकड़ भूमि को भी अधिग्रहित किया जावे।
5. वर्ष 2004 एवं 2010 के अनुसार अधिग्रहण पश्चात् समस्त खातेदारों को 2004 एवं 2010 के नियमानुसार नौकरी प्रदान किया जावे।

अतः आपसे आग्रह है कि एस.ई.सी.एल. गेवरा/दीपका/कुसमुण्डा/कोरबा (छ.ग.) के भू-विस्थापितों के हित में उक्त समस्याओं/मांगों के संबंध में चर्चा हेतु समय प्रदान करने का कष्ट करें।

(प्रेमचन्द पटेल)

Scanned by Camera Scanner